वेबसाईट : www.abvp.org
पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 20 मार्च 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

राजस्थान में बेरोज़गारी के विरोध में प्रदर्शनरत अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ हो रही पुलिस ज्यादती।

लोकतांत्रिक प्रदर्शन कर रहे युवाओं को राजस्थान सरकार कर रही प्रताड़ित: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजस्थान सरकार द्वारा लगातार छात्रों तथा युवाओं पर मुकदमे करने, पुलिस द्वारा युवाओं को बेवजह प्रताड़ित करने तथा वीरांगनाओं के अपमान पर कड़ी निंदा करती है। राजस्थान में शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने में राजस्थान सरकार पूर्णतया विफल रही है। कल सोमवार को राजस्थान पुलिस ने अभाविप के जयपुर कार्यालय में जबरन घुसने का प्रयास किया, जिससे कांग्रेस नीत प्रदेश सरकार की बौखलाहट साफ हो गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में राजस्थान के युवा, प्रदेश सरकार के युवा तथा छात्र विरोधी चरित्र को लगातार सामने ला रहे हैं। प्रदेश के युवाओं की आकांक्षाओं को प्रमुखता से उठाने के कारण अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ राजस्थान सरकार निरंतर पुलिसिया ज्यादती पर उतारू हो गई है तथा अलग-अलग प्रकार से युवाओं को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रही है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "युवाओं के साथ राजस्थान सरकार लगातार दुर्व्यवहार कर रही तथा छात्रों की मांगों पर अशोक गहलोत ने मौन धारण कर शिक्षा माफियाओं को अपनी मौन स्वीकृति दे दी है, जिसके परिणामस्वरूप रीट परीक्षा सहित विभिन्न परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का खुला रूप सामने है। राजस्थान सरकार द्वारा लगातार युवाओं को झूठे मुकदमे में फंसाने तथा उन्हें प्रताड़ित करने की घटनाएं सामने आ रही हैं, यह अत्यंत निंदनीय तथा दुर्भाग्यपूर्ण है।"

अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने कहा कि, "राजस्थान में बेरोज़गारी, महिलाओं के साथ अपराध तथा भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार कोई भी प्रयास नहीं कर रही। वीरांगनाओं के अपमान से अशोक गहलोत सरकार का महिलाविरोधी चरित्र सामने आ गया है। सरकार अपनी कमियों को छुपाने के लिए युवाओं पर लाठीचार्ज, झूठे मुकदमे दर्ज करने तथा पुलिस द्वारा आपातकाल के समय की तरह रेकी करवाने जैसे निम्नस्तरीय कृत्य में संलिप्त हो गई है। अभाविप प्रदेश के युवाओं को राजस्थान सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान करती है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)